भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 2547#
गुरूवार, 24 मार्च, 2022/3 चैत्र, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**विदेशी पर्यटकों का आगमन**

**2547#. श्री सुशील कुमार मोदीः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2017-18, वर्ष 2018-19 और वर्ष 2019-20 के दौरान भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों के राज्य-वार आंकड़े क्या हैं;

(ख) उक्त तीन वर्षों के दौरान पर्यटन के माध्यम से वर्ष-वार कुल कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गई है;

(ग) बिहार के बोधगया में कन्वेंशनल सेंटर हेतु कितनी राशि निर्गत की गई है और इस पर हुई वास्तविक और वित्तीय प्रगति का ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा बौद्ध स्थलों पर जाने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ाने हेतु क्या प्रयास किए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क): कैलेंडर वर्ष 2017 से 2020 के दौरान विदेशी पर्यटकों की यात्राओं (एफटीवी) का राज्य-वार विवरण **अनुबंध-I** पर दिया गया है। पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार विदेशी पर्यटकों की यात्राओं (एफटीवी) पर वित्त वर्ष-वार आंकड़े नहीं रखता है।

(ख): कैलेंडर वर्ष 2017 से 2020 के दौरान भारत में पर्यटन के माध्यम से विदेशी मुद्रा आय (एफईई) का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(ग): स्वदेश दर्शन योजना के तहत, बिहार के बोधगया में कन्वेंशन सेंटर के निर्माण के लिए 98.73 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। जिसमें से 93.22 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई और 90.51 करोड़ रुपए का उपयोग किया गया था। इसके अलावा, परियोजना वास्तविक रूप से पूरी हो गई है।

(घ): पर्यटन मंत्रालय ने देश में 'स्वदेश दर्शन', तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन बुनियादी संरचना के विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' योजनाओं के तहत बौद्ध स्थलों पर पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है।

स्वदेश दर्शन योजना के तहत विकास के लिए एक विषयगत परिपथ के रूप में 'बौद्ध परिपथ' की पहचान की गई है। बौद्ध विषयगत परिपथ के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण इस प्रकार है:-

- वर्ष 2016-17 के दौरान मध्य प्रदेश में सांची-सतना-रीवा-मंदसौर-धार का 74.02 करोड़ रुपये की राशि से विकास।
- वर्ष 2016-17 के दौरान उत्तर प्रदेश में श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का 99.97 करोड़ रुपये की राशि से विकास।
- वर्ष 2016-17 के दौरान बिहार के बोधगया में 98.73 करोड़ रुपये की राशि से कन्वेंशन सेंटर का निर्माण।
- वर्ष 2017-18 के दौरान गुजरात में जूनागढ़-गिर सोमनाथ-भरूच-कच्छ-भावनगर-राजकोट-मेहसाणा का 26.68 करोड़ रुपये की राशि से विकास।
- वर्ष 2017-18 के दौरान 24.14 करोड़ रुपये की राशि से आंध्र प्रदेश में शालिहुंडम-थोटलाकोंडा-बाविकोंडा-बोज्जानकोंडा-अमरावती-अनुपु का विकास।

प्रसाद योजना के तहत स्वीकृत बौद्ध कार्यों का विवरण नीचे दिया गया है:-

i. अन्य बातों के साथ-साथ वाराणसी -I के एकीकृत विकास के लिए निम्नलिखित दो घटकों सहित बौद्ध संरचनाओं के विकास के लिए 9.5 करोड़ रुपए प्रदान किए गए:
   - 734 लाख रुपये की लागत से धमेक स्तूप पर ध्वनि और प्रकाश प्रदर्शन।
   - बुद्ध थीम पार्क, सारनाथ के लिए 220 लाख रुपये की अनुमोदित लागत।

ii. बौद्ध धर्म से संबंधित अमरावती टाउन, गुंटूर जिले का, अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित घटकों सहित 1.33 करोड़ रुपये की लागत पर एक पर्यटन स्थल के रूप में विकास:
   - 62.25 लाख रुपये की स्वीकृत लागत पर महाचैत्य स्तूप और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संग्रहालय।
   - 70.44 लाख रुपये की स्वीकृत लागत पर ध्यान बुद्ध स्थल का विकास।

iii. वर्ष 2020-21 में, 33.32 करोड़ रुपए की लागत से युकसोम, सिक्किम में चार संरक्षक संतों की तीर्थयात्रा सुविधा का विकास।

'पर्यटन की बुनियादी संरचना के विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' योजना के तहत, 'वाराणसी/सारनाथ में स्मारकों पर रोशनी (सारनाथ में धामख स्तूप सारनाथ में चौखंडी स्तूप, सारनाथ में लालकान का मकबरा और बनारस में मान महल)' के लिए 2014-15 में 5.12 करोड़ रुपए की राशि से एक परियोजना को मंजूरी प्रदान की गई थी।

पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के तहत पर्यटन संबंधी बुनियादी संरचना के विकास के अलावा, अत्यधिक बौद्ध आबादी वाले देशों सहित विदेशी बाजारों में बौद्ध स्थलों के प्रचार और विपणन के लिए किए गए प्रयास इस प्रकार हैं:-

- पर्यटन मंत्रालय ने भारत में बौद्ध स्थलों के संवर्धन के लिए फिल्मों का निर्माण किया है।
- अतुल्य भारत 2.0 अभियान के हिस्से के रूप में बौद्ध साइट क्रिएटिव का उपयोग किया जा रहा है।
- पर्यटन मंत्रालय ने बौद्ध स्रोत बाजारों में टीवी, प्रिंट और डिजिटल मीडिया अभियान जारी किए हैं।
- पर्यटन मंत्रालय विभिन्न स्रोत बाजारों से टूर ऑपरेटरों, मीडिया, राय निर्माताओं और बौद्ध भिक्षुओं की भागीदारी के साथ अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन (आईबीसी) का आयोजन करता है।
- विदेशी बाजारों में भारतपर्यटन कार्यालय नियमित रूप से कई यात्रा और पर्यटन मेलों/ प्रदर्शनियों/ एक्सपोस में भाग लेते हैं, जिसमें भारत के बौद्ध स्थलों को बड़ी संख्या में आयोजन में आए आगंतुकों के बीच प्रचारित किया जाता है।
- आसियान देशों में रोड शो आयोजित किए गए जिनमें भारत की बौद्ध विरासत पर प्रकाश डाला गया।
- पर्यटन मंत्रालय, पर्यटन मंत्रालय की अतुल्य भारत वेबसाइट पर बौद्ध स्थलों का संवर्धन करता है।
- पर्यटन मंत्रालय ने भारत में समृद्ध बौद्ध विरासत को प्रदर्शित करने के लिए www.indiathelandofbuddha.in वेबसाइट विकसित की है।

******

**अनुबंध-I**

विदेशी पर्यटकों का आगमन के संबंध में दिनांक 24.03.2022 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 2547# के भाग (क) के उत्तर में **विवरण**

**कैलेण्डर वर्ष 2017 से 2020 के दौरान राज्य-वार विदेशी पर्यटक दौरे (एफटीवी)**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2017 | 2018 | 2019 | 2020 |
|---|---|---|---|---|---|
| | | एफटीवी | एफटीवी | एफटीवी | एफटीवी |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 15313 | 15242 | 16206 | 5412 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 271362 | 281083 | 280356 | 67591 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 7147 | 7653 | 7825 | 961 |
| 4 | असम | 21760 | 15592 | 26878 | 7285 |
| 5 | बिहार | 1082705 | 1087971 | 1093141 | 308080 |
| 6 | चंडीगढ़ | 31832 | 39681 | 44132 | 12218 |
| 7 | छत्तीसगढ | 6701 | 14399 | 6817 | 2322 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 1908 | 1608 | 1666 | 222 |
| 9 | दमन और दीव | 5535 | 5694 | 5703 | 1382 |
| 10 | दिल्ली # | 2740502 | 2740502 | 2983436 | 681230 |
| 11 | गोवा | 842220 | 933841 | 937113 | 302751 |
| 12 | गुजरात | 448853 | 513113 | 595607 | 210047 |
| 13 | हरियाणा | 193381 | 73977 | 48046 | 17474 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 470992 | 356568 | 382876 | 42665 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 79765 | 139520 | 57920 | 5317 |
| 16 | झारखंड | 170987 | 175801 | 176043 | 490 |
| 17 | कर्नाटक | 498148 | 543716 | 608754 | 165325 |
| 18 | केरल | 1091870 | 1096407 | 1189771 | 340755 |
| 19 | लक्षद्वीप | 1027 | 1313 | 820 | 413 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 359119 | 375476 | 327958 | 99819 |
| 21 | महाराष्ट्र # | 5078514 | 5078514 | 5528704 | 1262409 |
| 22 | मणिपुर | 3497 | 6391 | 13608 | 3139 |
| 23 | मेघालय | 12051 | 18114 | 25813 | 2311 |
| 24 | मिजोरम | 1155 | 967 | 2249 | 265 |
| 25 | नागालैंड | 4166 | 5010 | 5577 | 518 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 26 | उड़ीसा | 100014 | 110818 | 115128 | 10206 |
| 27 | पुदुचेरी | 131407 | 141133 | 149919 | 92080 |
| 28 | पंजाब | 1108635 | 1200969 | 1101343 | 359114 |
| 29 | राजस्थान | 1609963 | 1754348 | 1605560 | 446457 |
| 30 | सिक्किम | 49111 | 71172 | 133388 | 19935 |
| 31 | तमिलनाडु | 4860455 | 6074345 | 6866327 | 1228323 |
| 32 | त्रिपुरा | 69899 | 102861 | 154405 | 31877 |
| 33 | तेलंगाना | 251846 | 318154 | 323326 | 46694 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 3556204 | 3780752 | 4745181 | 890932 |
| 35 | उत्तराखंड | 133725 | 151320 | 152273 | 41339 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 1574915 | 1617105 | 1656145 | 463285 |
| 37 | लद्दाख | - | - | 38652 | 1126 |
| | कुल | 26886684 | 28851130 | 31408666 | 7171769 |

**स्रोत: राज्य/संघ राज्य क्षेत्र पर्यटन विभाग,**

#: 2017 के आंकड़ों को 2018 के आंकड़ों के लिए दोहराया गया है; 2018 के आंकड़ों पर 2019/18 के लिए अखिल भारतीय विकास दर लागू करके 2019 के आंकड़ों का अनुमान लगाया गया है; 2019 के आंकड़ों पर 2020/19 के लिए अखिल भारतीय विकास दर को लागू करके 2020 के डेटा का अनुमान लगाया गया है।

*******

**अनुबंध-II**

विदेशी पर्यटकों का आगमन के संबंध में दिनांक 24.03.2022 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 2547# के भाग (ख) के उत्तर में **विवरण**

**वर्ष 2017-2020 के दौरान भारत में पर्यटन के माध्यम से विदेशी मुद्रा आय**

| **वर्ष** | **पर्यटन से विदेशी मुद्रा आय (करोड़ रू. में)** |
|---|---|
| 2017#[2] | 177874 |
| 2018#[2] | 194881 |
| 2019#[2] | 211661 |
| 2020#[2] | 50136 |

#2संशोधित अनुमान

******